वर्ष 1987 मे सप्लाई किए गए कोयले की गुणवत्ता के बारे में "शिकायतें" प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हा, तो इन शिकायतो का ब्यौरा क्या है तथा मंत्रालय ने इस संबंध में क्या उपाय किए है ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) :(क) और (ख) कोयला कम्पनियों को अहमदाबाद के कपड़ा मिलों से कोयले मे चूरे की उच्च प्रतिशतता होने तथा कंकर-पत्थर जैसी फालतू सामग्री का मिश्रण होने के बारे में कुछ शिकायतें मिली है ।

कोयला कंपनियों ने कोयले की किस्म के बारे में प्राप्त शिकायतों की जांच कराई है । अन्य शिकायतों के मामलों मे अपेक्षानुसार सुधारात्मक कार्रवाई की गई है । उपभोक्ताओं को लदान के समय सामग्री का परीक्षण करने की भी अनुमति दे दी गई है ताकि वे वैगनों के लदान स्थल छोड़ने से पूर्व लदान की गई कोयले की किस्म के बारे मे संतुष्टि कर सकें । कोयला कंपनियों का सभी उपभोक्ताओं को प्रेषित किए जाने वाले कोयले की किस्म में सुधार लाए जाने हेतु उपाय करने के निर्देश दे दिए गए हैं ।

Opening of new post offices in Mulund in Bombay

3237. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that sometime back Government had admitted that there was a need for opening new post offices at the (i) P & T Colony Mulund; (ii) Sane Guniji Nagar; Mulund East; (iii) Cheeknaka and (iv) Mithagar; and

(b) if so, what steps are being taken by Government to open these post offices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) Requests have been received for opening of post offices at P&T Colony Mulund and Mithagar. No requests have been received in respect of Sane Guniji Nagar (Mulund East) and Checknaka.

(b) The question of opening these post offices can be considered only if they are financially viable and satisfy the norms prescribed by this Department. Moreover, efforts made to secure accommodation at reasonable rents for the proposed post offices have not been successful so far.

राजस्थान में केन्द्र सरकार के उपक्रमों में निवेश

3238. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1988 तक राजस्थान मे केन्द्र सरकार के उपक्रमों मे कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) इन उपक्रमों का वार्षिक उत्पादन लाभ/हानि लेखे तथा इनमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या क्या है, और

(ग) राजस्थान स्थित उन परियोजनाओ का ब्यौरा क्या है जिनमें केन्द्र सरकार नए निवेश करना चाहती है या केन्द्र सरकार की ऐसी कौन-कौन सी परियोजनाए हैं जो कार्यान्वियनाधीन है, ये परियोजनाए कब तक पूरी हो जाएगी ।

उद्योग मंत्री (श्री जे. वेंगलराव) : (क) तारीख 31-3-1987, जिस तक के आकड़े उपलब्ध है, को केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमो में सकल परिसम्पत्ति के रूप में पूंजी-निवेश 780.95 करोड़ रुपये किया गया है ।

(ख) 31-3-1987 को सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों के पंजीकृत कार्यालय राजस्थान में स्थित है, में कुल बिक्री के रूप में वार्षिक उत्पादन, लाभ/हानि और कर्मचारियों की संख्या विवरण-1 में दी गई है ।

(ग) सातवी योजना अवधि (1985-90) के दौरान राजस्थान में केन्द्रीय उप-

क्रमों के अन्तर्गत उद्योग तथा खनिज क्षेत्र में कार्यान्वित की जाने वाली नई योजनाओं का ब्यौरा विवरण–II में दिया गया है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उद्योग तथा खनिज क्षेत्र में राजस्थान के लिये कुल 182.45 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है।

विवरण–I

31–3–1987 को सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों के पंजीकृत कार्यालय राजस्थान में स्थित हैं, में वार्षिक कुल बिक्री लाभ/हानि तथा कर्मचारियों की संख्या

राजस्थान

(लाख रुपयों में)

क्रम सं0	सरकारी उद्यमों के नाम	31-3-1987 को कर्मचारियों की संख्या	कुल बिक्री 1986–87	लाभ हानि 1986–87
1.	हिन्दुस्तान जिंक लि०	8218	21589	207
2.	इस्ट्रूमेंटेशन लि०	2957	7230	224
3.	सांभर साल्ट्स लि०	1056	253	1
4.	राजस्थान ड्रग्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लि०	137	296	22
5.	राजस्थान इलैक्ट्रानिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंट्स लि०	129	317	38
6.	हिन्दुस्तान साल्ट्स लि०	66	268	(–) 4

विवरण–II

सातवीं योजना अवधि में राजस्थान में केन्द्रीय उपक्रमों के अन्तर्गत उद्योग एवं खनिज क्षेत्र में नई योजनाओं की सूची

(करोड़ रुपयों में)

1. **हिन्दुस्तान जिंक लि.**

(क) रामपुरा अगचा एकीकृत परियोजना	25.00
(ख) पर्यावरणीय नियंत्रण तथा ऊर्जा संरक्षण योजनायें	2.50
(ग) पायराइट्स का उपयोग	1.00

करोड़ रुपयों में

2. हिन्दुस्तान कॉपर लि.	
(क) खेतड़ी में प्रद्रावक का आधुनिकीकरण	21.00
(ख) खतड़ी में केन्टप प्रद्रावक	1.00
3. पायराइट्स फास्फेट्स केमिकल्स लि.	
(क) सलादीपुरा-नई योजनायें	1.90
4. एच० एम० टी० लि०, अजमेर	
(क) नई योजनायें	1.00
जोड़	53.40

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में संचार सुविधायें

3239. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में संचार सुविधाओं की अत्यधिक कमी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है;

(ग) क्या यह सच है कि इस जिले में लगातार कई कई दिनो तक टेलीफोन व्यवस्था खराब पड़ी रहती है, यदि हां, तो पिछले एक वर्ष के दौरान इस आशय की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है और क्या सभी शिकायतों की सुनवाई की गई हैं; और

(घ) इस जिले मे संचार प्रणाली के सुचारू रूप से काम करने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी नही ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जी नहीं । वर्ष 1987-88) 1-4-87 से 31-3-88 तक) कुल 82 लिखित शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 77 लिखित शिकायतों का निपटान कर दिया गया। केवल 5 शिकायतें मार्च, 1988 के अन्त में लंबित थी जिन्हें अप्रैल, 1988 की प्रारंभिक अवधि में निपटा दिया गया ।

(घ) दूरसंचार सेवाओं मे सुधार के लिए प्रभावी मानीटरिंग और निकट से पर्यवेक्षण कार्य सहित विभिन्न उपाय किए गए हैं । इसके अलावा सातवीं योजना के दौरान भीलवाड़ा में आई सी पी क्रासबार एक्सचेंज और मंडल तथा मंडलगढ़ में सी-डाट इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज चालू करने की योजना बनाई गई है ।

राजस्थान के शहरों में एस० टी० डी० सुविधा

3240. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के किन-किन शहरों में अब तक उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सुविधा उपलब्ध करायी गई हैं ;